मध्य प्रदेश, मिजोरम, त्रिपुरा और असम में विद्युत आपूर्ति

2183. **श्री अजीत जोगी :**
श्री राधा किशन मालवीय

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मिजोरम, त्रिपुरा तथा असम के दक्षिणी भागों में विद्युत की आपूर्ति में वृद्धि करने के लिये अतिरिक्त आपूर्ति लाइनों का कार्य आरम्भ करने का विचार रखती है ; और

(ख) इस संबंध में योजना को कब तक अन्तिम रूप दे दिया जाना की संभावना है ? तथा इस पर कितनी धनराशि व्यय होने का अनुमान है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पो. वी. रैंगया नायडू) (क) सरकार द्वारा केन्द्रीय क्षेत्र के अन्तर्गत दक्षिणी असम, मिजोरम तथा त्रिपुरा में 132 के.वी. के संवर्धन संबंधी कार्यों के करने के लिये एक पारेषण स्कीम को हाथ में लेने का प्रस्ताव है। उपरोक्त पारेषण स्कीम का तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा मई, 1991 में कुछ शर्तों के तहत उपयुक्त पाया गया था।

(ख) इस स्कीम की अद्यतन अनुमानित लागत 60.88 करोड़ रुपये है जिसमें 1.43 करोड़ रुपये निर्माण के दौरान ब्याज (1992 की दूसरी तिमाही के समतुल्य स्तर पर आधारित) शामिल है। सरकार में निवेश संबंधी अनुमोदन अभी प्राप्त किया जाना है।

दामोदर घाटी निगम में निजी क्षेत्र का निवेश

2184. **श्री अजीत जोगी :**
श्री राधा किशन मालवीय:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दामोदर घाटी निगम ने निगम में पूंजी निवेश हेतु निजी क्षेत्र को आमन्त्रित किया है ;

(ख) यदि हां, तो इस के प्रति निजी क्षेत्र के निवेशकों की क्या प्रतिक्रिया है ;

(ग) क्या निजी क्षेत्र के पूंजी निवेश से दामोदर घाटी निगम के कार्यकरण में विविधता आजायेगी ; और

(घ) यदि हा, तो प्रस्तावित विस्तार तथा विविधिकरण का ब्यौरा क्या है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी रगैया नायडु) : (क) जी नहीं।

(ख) से (घ) : प्रश्न नहीं उठता।

गुजरात में विद्युत क्षेत्र में सुधार हेतु योजना

2185. **श्रीमती चन्तिका अभिनन्दन जैन** :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संघ सरकार ने वर्ष 1993–94 के लिए गुजरात में विद्युत क्षेत्र के लिए कुल परिव्यय में वृद्धि की है ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान उस राज्य मे विद्युत क्षेत्र में सुधार करने के लिये आरम्भ की जाने वाली योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रगैया नायडू) : (क) और (ख) जी, नहीं। तथापि वर्ष 1993–94 के दौरान गुजरात में विद्युत की आपूर्ति को बढ़ाने के लिए जुलाई 1993 में उत्तरा ताप विद्युत केन्द्र चरण-I (45 मे. वा.) चालू की जा चुकी है और काकाड़ापाड़ परमाणु विद्युत परियोजना को चालू वर्ष में चालू किए जाने का कार्यक्रम है ?